# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...2-4...

# एचएयू में एनएसएस स्टूडेंट्स ने गेट नं. 2 से सेक्टर 15 तक निकाली तिरंगा यात्रा

## विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ निकाली यात्रा

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कृषि महाविद्यालय इकाई ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा को रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग तथा कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एसके सहरावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. कंबोज ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान है तथा तिरंगे का सम्मान करना हर भारतवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लोगों में राष्ट्रीयता तथा देशभक्ति की भावना को जगाता है। इसमें लोगों को एक करने की शक्ति है। इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का स्वागत किया।



एचएयू के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस स्टूडेंट्स व टीचर्स तिरंगा यात्रा के दौरान।

यह तिरंगा यात्रा जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस स्वयंसेवक शामिल थे, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड फ्लैचर भवन से आरंभ हुई। विद्यार्थियों जिनमें भारी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं, ने तिरंगे को हाथ में उठाकर वन्दे मातरम् तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ विश्वविद्यालय परिसर के गेट न. 2 से होते हुए मलिक चौक, परिजात चौक, नागोरी गेट से होती हुई फव्वारा चौक, कैम्प चौक से केमरी रोड, 15 सेक्टर से राजगढ़ रोड होती हुई विश्वविद्यालय में वापिस पहुंची। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. भगत सिंह तथा डॉ. प्रियंका भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ...8... कॉलम ...6...

### एचएयू में निकाली तिरंगा यात्रा

हिसार (ब्यूरो)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कृषि महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को रजिस्ट्रार डॉ. बीआर कंबोज, ओएसडी डॉ. एमके गर्ग और कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एसके सहरावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैली हिसार......

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...1-3...

# हकृवि में एनएसएस की इकाई के किया तिरंगा यात्रा का आयोजन



हिसार: 14 अगस्त : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कृषि महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा को रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर. कंबोज, ओएसडी डॉ. एम.के. गर्ग तथा कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. सहरावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. कंबोज ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान है तथा तिरंगे का सम्मान करना प्रत्येक भारतवासी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लोगों में राष्ट्रीयता तथा देशभक्ति की भावना को जगाता है। इसमें लोगों को एक करने की शक्ति है।

इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का स्वागत किया।

यह तिरंगा यात्रा जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एनएसएस स्वयं सेवक शामिल थे, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खण्ड फ्लैचर भवन से आरंभ हुई। विद्यार्थियों जिनमें भारी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं, ने तिरंगे को हाथ में उठाकर वन्दे मातरम् तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ विश्वविद्यालय परिसर के गेट न. 2 से होते हुए मलिक चौक, परिजात चौक, नागोरी गेट से होती हुई फव्वारा चौक, कैम्प चौक से केमरी रोड, 15 सैक्टर से राजगढ़ रोड होती हुई विश्वविद्यालय में वापिस पंहुची।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........सिटी पल्स........
दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-4....

# तिरंगे का सम्मान करना प्रत्येक भारतवासी का कर्त्तव्य : डॉ. कंबोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कृषि महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा को रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर. कंबोज, ओएसडी डॉ. एम.के. गर्ग तथा कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. सहरावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया।



हिसार। रजिस्ट्रार डॉ. बी.आर. कंबोज तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

इस अवसर पर डॉ. कंबोज ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की शान है तथा तिरंगे का सम्मान करना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लोगों में राष्ट्रीयता तथा देशभक्ति की भावना को जगाता है। इसमें लोगों को एक करने की शक्ति है। इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का स्वागत किया। यह तिरंगा यात्रा जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के एनएसएस स्वयंसेवक शामिल थे, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खण्ड फ्लेचर भवन से आरंभ हुई। विद्यार्थियों जिनमें बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं, ने तिरंगे को हाथ में उठाकर वन्दे मातरम् तथा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ विश्वविद्यालय परिसर के गेट नंबर 2 से होते हुए मलिक चौक, परिजात चौक, नागोरी गेट से होती हुई फव्वारा चौक, कैम्प चौक से कैमरी रोड, 15 सैक्टर से राजगढ़ रोड होती हुई विश्वविद्यालय में वापिस पंहुची। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. भगत सिंह तथा डॉ. प्रियंका भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ...1... कॉलम 1-3

# शिक्षक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एजेंसियों से शोध परियोजनाएं लाने के प्रयास करें : डॉ. सहरावत

भास्कर न्यूज | हिसार



रिफ्रेशर कोर्स के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. एसके सहरावत सीडी का विमोचन करते हुए।

एचएयू में रिसर्च मैनेजमेंट विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स बुधवार को संपन्न हो गया। विवि की कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रबंधन अकादमी की ओर से आयोजित तीन सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स में हरियाणा एवं अन्य राज्यों से 27 वैज्ञानिकों और प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि रहे। डॉ. सहरावत ने कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों से शोध परियोजनाएं लाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने प्रतिभागी फैकल्टी सदस्यों को प्रतिष्ठित जर्नल्स में शोध-पत्र प्रकाशित करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा उन्हें प्रयास करना चाहिए कि उनके हर साल सात 'नास' रेटिंग या आठ इम्पेक्ट फैक्टर से ऊपर वाले जर्नल में दो से तीन शोध-पत्र अवश्य प्रकाशित हो। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए व सीडी का विमोचन किया। एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के अधिष्ठाता व निदेशक मानव संसाधन प्रबंधन डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि इस कोर्स का उद्देश्य कृषि अनुसंधान के उभरते परिदृश्य के साथ प्रतिभागियों को परिचित करना, कृषि अनुसंधान की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत करवाने के लिए, प्रतिभागियों को रिसर्च प्रोजेक्ट प्रपोजल को लिखने का अभ्यास करवाना तथा उन्हें अनुसंधान कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधन तकनीकों को लागू करने के लिए सक्षम करना था।

रिफ्रेशर कोर्स की संयोजिका डॉ. मंजु महता ने बताया कि इस कोर्स में वैज्ञानिक अनुसंधान प्रस्ताव डिजाइनिंग और कार्यान्वयन, परियोजना अनुसंधान बजट, स्वॉट विश्लेषण, एसपीपीएस और ओपी स्टेट एनालिसिस, अनुसंधान परियोजना चक्र, रिसर्च में नैतिकता प्रभाव का आकलन, पेटेंट खोज व बाहरी एजेंसियों से प्रोजेक्ट मुहैया कराना जैसे विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ......6...... कॉलम ....1-2....

## 'विवि में शोध परियोजनाएं लाने के प्रयास हों'

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को रिसर्च मैनेजमेंट विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय की कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रबंधन अकादमी द्वारा आयोजित किये गये तीन सप्ताह के इस रिफ्रेशर कोर्स में हरियाणा एवं अन्य राज्यों से आए 27 वैज्ञानिकों और प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत मुख्य अतिथि थे। डॉ. सहरावत ने कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों से शोध परियोजनाएं लाने के प्रयास करना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागी फैकल्टी सदस्यों को प्रतिष्ठित जरनलों में शोध-पत्र प्रकाशित करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा उन्हें प्रयास करना चाहिए कि उनके हर साल सात 'नास' रेटिंग या आठ इंपैक्ट फैक्टर से ऊपर वाले जरनलों में दो से तीन शोध-पत्र अवश्य प्रकाशित हों। प्रशिक्षणार्थी प्राध्यापकों ने रिफ्रेशर कोर्स बारे अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इस कोर्स को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा इस कोर्स में उन्हें प्रभावकारी तकनीकों की जानकारी हासिल करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस मौके पर एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के अधिष्ठाता व निदेशक मानव संसाधन प्रबंधन डॉ. आरके झोरड़, कोर्स संयोजिका डॉ. मंजु महता, सह-संयोजिका डॉ. जयंती टोकस ने स्वागत व धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र भाटिया भी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........हैलो हिसार........

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....5-8....

# हकृवि में 73वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया




हिसार : 15 अगस्त चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा उनके बलिदानों की बदौलत हम आज सकून से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमें इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए इसकी उन्नति और विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। यह उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस बार स्वतंत्रता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि अनुच्छेद 370 व 35ए हटने से जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश में सिर्फ तिरंगा ही लहरायेगा।

उन्होंने कहा देश को युवा पीढ़ी से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने शिक्षक वर्ग तथा अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहयोग दें और उन्हें शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र भावना जगाने का भी कार्य करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने समूहगान, कविता, लघु नाटिका व समूह नृत्य के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया।

इससे पूर्व कैम्पस स्कूल के कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ. एस.के. ठकराल ने समारोह में उपस्थित हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया जबकि कैंपस स्कूल के प्राचार्य श्री सोमा शेखरा सर्मा ने समारोह के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कुलपति ने स्कूल प्रांगण में पौधा रोपित करके वनमहोत्सव का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संतेश, कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नित्य शक्ति टाइम्स....

दिनांक ..15.8.2019.. पृष्ठ सं. ....8.... कॉलम ....1-5....

# शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित को सर्वोपरि माने : केपी

हिसार, 15 अगस्त (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा विश्वविद्यालय समुदाय को इस पावन दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा उनके बलिदानों की बदौलत हम आज सुकून से जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमें इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए इसकी उन्नति और विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करना चाहिए। यह उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस बार स्वतंत्रता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि अनुच्छेद 370 व 35ए हटने से जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश में सिर्फ तिरंगा ही लहरायेगा। उन्होंने कहा देश को युवा पीढ़ी से बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने शिक्षक वर्ग तथा अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहयोग दें और उन्हें शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र भावना जगाने का भी कार्य करें।




इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से सराबोर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने समूहगान, कविता, लघु नाटिका व समूह नृत्य के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया।

इससे पूर्व कैम्पस स्कूल के कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ. एस.के. ठकराल ने समारोह में उपस्थित हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया जबकि कैंपस स्कूल के प्राचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा ने समारोह के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। कुलपति ने स्कूल प्रांगण में पौधा रोपित करके वनमहोत्सव का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. संतोश, कुलसचिव डॉ. बी.आर. कंबोज व उनकी धर्मपत्नी, सभी निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक ..15.8.2019.. पृष्ठ सं. ....1.... कॉलम ....4....

## एचएयू के कैंपस स्कूल में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। विवि के कैंपस स्कूल के ओपन एयर थिएटर में आयोजित होने वाले इस समारोह में विवि के कुलपति डॉ. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे और ध्वजारोहण करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में कैंपस स्कूल के शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इनके अतिरिक्त समारोह में विवि के अधिकारी तथा कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों के अभिभावक भी शामिल होंगे। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम से पूर्व विवि के कुलपति डॉ. सिंह कैंपस स्कूल परिसर में पौधारोपण करके वन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 15.8.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-2

## एचएयू में मनाया गुरुपर्व

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बुधवार को सांस्कृतिक मंच द्वारा संत गुरू नानक देव के 550वें गुरुपर्व के पावन अवसर पर अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी सातों महाविद्यालयों के 31 प्रतिभागियों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषा में 'गुरु नानक : एक समाज सुधारक' व 'गुरु नानक देव की शिक्षाओं की आज के समय में प्रासंगिकता' विषयों पर सुंदर व सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एसके अरोड़ा व डॉ. सतनाम कौर ने निर्णायक समिति सदस्यों की भूमिका अदा की। पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले और सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।